# बिहार सरकार
## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

पत्रांक–1/एल0–1–1025/2017– 278 पटना, दिनांक– 14.05.2025

प्रेषक,

अरविन्द कुमार,
संयुक्त सचिव।

सेवा में,

सभी कार्यपालक अभियंता (असैनिक/यांत्रिक),
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार

**विषय–जिला पदाधिकारी से पुर्वानुमति प्राप्त कर मुख्यालय छोड़ने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालयों में पदस्थापित कार्यपालक अभियंताओं द्वारा मुख्यालय त्याग/आकस्मिक अवकाश संबंधी आवेदन अधीक्षण अभियंता को उपलब्ध कराते हुए, उसकी प्रतिलिपि जिला पदाधिकारी को अंतिम समय (एक दिन पूर्व अथवा मुख्यालय छोड़ने की तिथि को) उपलब्ध करायी जाती है। मुख्य सचिव महोदय, बिहार द्वारा जलापूर्त्ति के मामलों की लगातार समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा वस्तुस्थिति से अवगत कराने में असहजता महसूस की जा रही है।

अतः लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालयों में पदस्थापित कार्यपालक अभियंताओं (असैनिक/यांत्रिक) को निदेशित किया जाता है कि संबंधित जिला पदाधिकारी से पुर्वानुमति प्राप्त कर एवं आकस्मिक अवकाश पूर्व की तरह सक्षम प्राधिकार से अनुमोदनोपरांत ही अपना मुख्यालय छोड़ना सुनिश्चित करेगें।

विश्वासभाजन

ह0/- 14/05/2025

(अरविन्द कुमार)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक– 278 पटना, दिनांक– 14.05.2025

प्रतिलिपि–सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 14/05/2025

(अरविन्द कुमार)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक– 278 पटना, दिनांक– 14.05.2025

प्रतिलिपि– अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय/कार्य प्रबंधन)/सभी मुख्य अभियंता (असैनिक/यांत्रिक)/सभी अधीक्षण अभियंता (असैनिक/यांत्रिक)/आई0 टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 14/05/2025

(अरविन्द कुमार)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक– 278 पटना, दिनांक– 14.05.2025

प्रतिलिपि– माननीय मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार के आप्त सचिव/प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/- 14/05/2025

(अरविन्द कुमार)
संयुक्त सचिव

New note/letter-2024

15/5/25